# Maharaja Ganga Singh University, Bikaner

## *Internal Quality Assurance Cell- Action Taken Report*

### 20th Foundation Day Celebration (June 7, 2023)

Maharaja Ganga Singh University celebrated its 20th foundation day as "Student Dedication Day" today. On this occasion, the university established a "Student Assistance Fund" and launched the "Vice-Chancellor Scholarship Scheme." Additionally, under its social responsibility initiatives, the university introduced the "Vice-Chancellor Financial Aid Scheme for Orphan Students" and the "Vice-Chancellor Financial Aid Scheme for Students Suffering from Terminal Illnesses and Disabilities. A message of good wishes from Honourable Governor of Rajasthan and Chancellor Shri Kalraj Mishra was read by the University's Registrar on the occasion of the foundation day. A discussion forum was organized on the achievements, challenges, and solutions since the establishment of the university until now, where board members, deans, principals from Maharani Sudarshan Kanya Mahavidyalaya, directors from IQAC, union representatives, alumni association officials Neha Rajpurohit and Geetanjali Solanki (recently selected at a government institute in Telangana), students like Nikhil (related to placements), medal-winning athlete Anjali Dadhich, and current students Suhani Dixit shared their thoughts with important suggestions to transform "My University" into a "Dream University."



कलराज मिश्र
राज्यपाल, राजस्थान

Kalraj Mishra
Governor, Rajasthan

**संदेश**

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर का 20 वां स्थापना दिवस आगामी 7 जून को आयोजित किया जा रहा है। सुखद है कि यह दिवस "विद्यार्थी समर्पित दिवस" के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर पर "विद्यार्थी सहायता कोष" का गठन कर "कुलपति स्कॉलरशिप योजना" का शुभारंभ किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय ज्ञान के प्रकाश पुंज होते हैं। उच्च शिक्षा के प्रभावी प्रसार के साथ ही नई पीढ़ी को संस्कारित कर राष्ट्रोत्थान के लिए प्रेरित करने का बड़ा कार्य विश्वविद्यालयों पर ही निर्भर है। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर का अपना गौरवमयी इतिहास है। यह प्रसन्नतादायक है कि स्थापना दिवस पर निराश्रित विद्यार्थियों, असाध्य रोग से पीड़ित तथा विकलांग विद्यार्थियों के लिए कुलपति वित्तीय सहायता योजना की पहल की गई है।

विश्वविद्यालय स्थापना दिवस पर मेरी यह भी अपेक्षा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही आपका यह विश्वविद्यालय शोध की मौलिक संस्कृति के लिए भी निरन्तर कार्य करें। विश्वविद्यालय के आचार्य, विद्यार्थी, अभिभावकों के हितों के संरक्षण की सोच के साथ विश्वविद्यालय विकास के नये आयाम स्थापित करेगा, ऐसा विश्वास है।

स्थापना दिवस पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं है।

(कलराज मिश्र)



**एमजीएसयू ने किया कई योजनाओं का शुभारंभ**

**20वां स्थापना दिवस विद्यार्थियों के प्रति रहा समर्पित**

**बीकानेर (सीमा सन्देश)।** महाराजा गंगासिंह विवि ने अपना 20वां स्थापना दिवस 'विद्यार्थी समर्पित दिवस' के रूप में मनाया। विवि में 'विद्यार्थी सहायता कोष' का गठन कर 'कुलपति स्कॉलरशिप योजना' का शुभारंभ किया गया। सामाजिक सरोकार के तहत 'निराश्रित विद्यार्थियों के लिए कुलपति वित्तीय सहायता योजना' तथा 'असाध्य रोग से पीड़ित तथा विकलांग विद्यार्थियों के लिए कुलपति वित्तीय सहायता योजना' का शुभारंभ किया गया। महाराजा गंगासिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कुलाधिपति कलराज मिश्र के शुभकामना संदेश का वाचन कुल सचिव अरुण प्रकाश शर्मा ने किया। 'अर्जित उपलब्धियां, चुनौतियां एवं समाधान' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें नेहा राजपुरोहित, गीतांजलि सोलंकी, निखिल, शीतांशु, अंजलि दाधीच, सुहानी दीक्षित, परमेन्द्र सिंह राठौड़ सहित विद्यार्थियों ने विचार प्रस्तुत किये और 'मेरा विश्वविद्यालय' को 'ड्रीम यूनिवर्सिटी' में तब्दील करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कुलसचिव शर्मा ने शुभकामनाएं देते हुए सभी से निष्ठा, ईमानदारी व प्रमाणिकता के साथ टीम भावना से कार्य करते हुए विवि को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का आह्वान किया। कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विवि केवल उच्च शिक्षा का केन्द्र नहीं है, अपितु उच्च लक्ष्यों, उच्च संकल्पों को साधने की शक्ति हासिल करने की ऊर्जा भूमि एवं प्रेरणास्थली होता है। विवि स्थापना का उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा के अधिकाधिक अवसर प्रदान करते हुए उनके शैक्षणिक रुझान को बढ़ावा देना है। हमारे विद्यार्थी ही हमारे जीवन की पूंजी हैं। विवि सदैव विद्यार्थी हितों को सर्वोपरि प्राथमिकता प्रदान करते हुए उन्हें शिक्षा से जुड़ने हेतु प्रेरित कर रहा है।

**यह कार्यक्रम में हुए शामिल :** कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अभिषेक वशिष्ठ के अनुसार इस अवसर पर बीकॉम तृतीय का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इस अवसर पर प्रो. अनिल कुमार छंगाणी, प्रो. राजाराम चोयल, डॉ. अनन्त जोशी, प्रो. इन्द्र सिंह राजपुरोहित, प्रो. राजेश भाकर, प्रो. भगवानाराम बिश्नोई, प्रो. सतपाल स्वामी, प्रो. इन्द्रा गोस्वामी, डॉ. जीपी सिंह, डॉ. मीरा श्रीवास्तव, डॉ. दिग्विजय सिंह, प्रो. भंवरलाल बिश्नोई, डॉ. पंकज जैन, डॉ. रिषभ जैन, डॉ. देवेश खण्डेलवाल, डॉ. गौतम मेघवंशी, डॉ. धर्मेश हरवानी, डॉ. संतोष कंवर शेखावत, अतिरिक्त कुलसचिव डॉस बिट्ठल बिस्सा, उप कुलसचिव डॉ. गिरिराज हर्ष, सहायक कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र गोदारा, निर्मल भार्गव सहित विवि के समस्त अधिकारी एवं कार्मिक प्रत्यक्ष व ऑनलाइन उपस्थित रहे।

## Website Upgradation Initiatives

On **June 21, 2023**, a significant initiative was launched to upgrade the college website, aimed at enhancing navigation and reorganizing content to ensure that information is easily accessible for all students. This upgrade is part of a broader effort to improve the online experience for all users, facilitating smoother access to essential resources and information. Key features of the website upgradation include Improved Navigation, Content Reorganization and Accessibility Enhancements.






Vice Chancellor Secretariat
Maharaja Ganga Singh University, Bikaner

क्रमांक : प.01(26)मगासिविबी/नि.स./2023/260 दिनांक 21/6/23

विभागाध्यक्ष एवं सह प्रभारी
समस्त विभाग,
महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,
बीकानेर।

विषय : विश्वविद्यालय वेबसाइट पर विभाग से संबंधित अपडेट सूचना निर्धारित प्रोफार्मा में उपलब्ध कराने बाबत।

हम सभी का प्रयास है कि विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययन कराये जा रहे पाठ्यक्रम, उनकी महत्वत्ता तथा विभाग में आयोजित विभिन्न गतिविधियों/संगोष्ठी से इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को निरन्तर अवगत कराया जाए, जिसका सबसे महत्वपूर्ण माध्यम हमारे विश्वविद्यालय की वेबसाइट है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट को इतना सुगम एवं सूचना युक्त तैयार करना चाहिए जिससे दूर-दराज में रहने वाला विद्यार्थी भी हमारी सूचना से ओतप्रोत हो सके।

वर्तमान में विश्वविद्यालय वेबसाइट को अपडेट करने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय में संचालित विभागों एवं पाठ्यक्रमों से संबंधित सूचना संबंधित विभाग के पेज पर अपलोड की जानी है। आपको इस पत्र के साथ एक प्रपत्र संलग्न कर भिजवाया जा रहा है उसी प्रपत्र के अनुसार सूचना सॉफ्ट प्रति में अतिशीघ्र नोडल अधिकारी, वेबसाइट की ई-मेल website@mgsubikaner.ac.in पर भिजवाने का श्रम करें। यदि संलग्न प्रपत्र के अतिरिक्त विभाग से संबंधित और कोई सुझाव/बिन्दु सम्मिलित करने है तो आपका यह कार्य स्वागत योग्य है। आपके सुझाव विश्वविद्यालय की वेबसाइट को तैयार करने में सहायक सिद्ध होंगे।

संलग्न : प्रोफार्मा

(प्रो. विनोद कुमार सिंह)
कुलपति

## Construction of Two New Buildings for Students (2023-24)

Maharaja Ganga Singh University (MGSU) in Bikaner is poised to significantly enhance its academic infrastructure through the construction of two new buildings dedicated to fostering academic excellence among students. The primary objective of these new buildings is to provide additional space for classrooms, laboratories, and other essential academic facilities, catering to the increasing number of students and the diverse programs offered by the university. These facilities are thoughtfully designed to support innovative teaching methods and improve the learning experience through modern infrastructure. Key features of the new buildings will include smart classrooms equipped with advanced audio-visual technology for interactive learning, state-of-the-art laboratories for hands-on experience.



• बोम की बैठक 2023-24 के लिए 195 करोड़ रुपए का अनुमानित बजट पारित

**विद्यार्थियों के लिए बनेंगे दो नए एकेडमिक कैंपस, खर्च किए जाएंगे 36 करोड़ रुपए**

सिटी रिपोर्टर | बीकानेर

महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी में छात्रों की सहूलियत के लिए दो नए एकेडमिक कैंपस तैयार होंगे। इन पर करीब 36 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यूनिवर्सिटी ने इन दो कैंपस के अलावा अन्य कार्यों के लिए बुधवार को 195 करोड़ रुपए का बजट पारित कर दिया है। कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बोम की बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान पारित किया गया। विश्वविद्यालय कुलसचिव व कार्यवाहक वित्त नियंत्रक अरूण प्रकाश शर्मा ने प्रबंध बोर्ड के सामने विश्वविद्यालय का 195 करोड़ की राशि का बजट प्रस्तुत किया। जिसका प्रबंध बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।विश्वविद्यालय के बजट में मुख्य रूप से आगामी वित्तीय वर्ष में आधारभूत ढ़ांचे के विकास, विद्यार्थियों की सुविधाओं के विस्तार समेत विश्वविद्यालय कार्यप्रणाली को कम्प्यूटराइज करने के प्रावधान किए गए हैं। प्रबंध बोर्ड में राज्यपाल की ओर से नामित सदस्य डॉ. विश्वपति त्रिवेदी व राज्य सरकार से नामित सदस्य डॉ. नमानी शंकर बिस्सा ने भी सुझाव दिए। बैठक में राज्य सरकार नामित सदस्य प्रो. भगवानाराम बिश्नोई, डॉ. अन्नत जोशी, प्रो. अनिल कुमार छंगाणी, प्रो. राजाराम चोयल, संकायाध्यक्ष डॉ. मीनू पूनिया एवं शासन सचिव, उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि के रूप में संयुक्त सचिव और उच्च शिक्षा डॉ. फिरोज अख्तर उपस्थित हुए।

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में बोम की बैठक लेते वीसी।

**यूं समझें - किस प्रोजेक्ट पर होगा कितना खर्च**

- दो नवीन अकादमिक भवनों के लिए 36 करोड़ रुपए।
- सेथेंटिक ट्रैक के लिए 9 करोड़।
- नवीन परीक्षा ब्लॉक के लिए 4 करोड़ रुपए।
- विवि परिसर में ग्रीनरी के लिए एक करोड़ रुपए।
- पुस्तकालय को 3 करोड़ रुपए।
- प्रयोगशालाओं को 3.70 करोड़।
- सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे के लिए 3 करोड़ रुपए।
- नेटवर्किंग के लिए 4 करोड़।
- डिजिटाइजेशन और मैनेजमेंट सिस्टम के लिए 5 करोड़।
- इसके अतिरिक्त सैलरी और मेंटिनेंस के मद में बजट का बड़ा हिस्सा खर्च होगा।

## Inauguration of the Shri Rajiv Gandhi Cycling Velodrome in MGSU

On September 30, 2023, at 2:15 PM, the newly constructed Shri Rajiv Gandhi Cycling Velodrome was inaugurated by Honourable Chief Minister of Rajasthan, Shri Ashok Gehlot, at the M.M. Ground in Bikaner. This velodrome, measuring 333.33 meters in length and 7.00 meters in width, addresses the long-standing demand for a dedicated cycling track within the Maharaja Ganga Singh University campus. The establishment of the velodrome was a significant milestone for the university and the local community, promoting cycling as a sport and encouraging physical fitness among students and residents. The facility is expected to host various cycling events and training sessions, thereby fostering a culture of sportsmanship and athletic excellence.


महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में बनकर हुआ तैयार

वेलोड्रम पर साइकिल संग दौड़ी खिलाड़ियों की उमंग, आज मुख्यमंत्री उद्घाटन कर देंगे सौगात

शुक्रवार को ट्रैक पर अभ्यास करते खिलाड़ी।

निरीक्षण करते शिक्षा मंत्री, साथ में विवि के कुलपति।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बीकानेर.** अब साइक्लिंग का अभ्यास करने के लिए खिलाड़ियों को शहर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में हाइटेक साइकिल वेलोड्रम बनकर तैयार हो गया है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शुक्रवार को इसका लोकार्पण करेंगे। इसके बाद खिलाड़ी यहां आकर अभ्यास कर सकेंगे। साथ ही आने वाले समय में यहां पर राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हो सकेगा। विवि की मीडिया प्रभारी डॉ. मेघना शर्मा ने बताया कि इस वेलोड्रम मे 37 मीटर ऊंचाई पर हाईमास्ट लाइट एवं फ्लडलाइट्स का भी अन्तरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रावधान किया गया है। नवनिर्मित राजीव गांधी साइक्लिंग वेलोड्रम ओलम्पिक खेलों के स्तर का बनाया गया है, जिस पर खिलाड़ी अभ्यास करके राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगे।

अतिरिक्त कुलसचिव डॉ. बिट्ठल बिस्सा ने बताया कि इसके अलावा विवि परिसर में बॉस्केटबॉल, वालीबॉल, बैडमिन्टन, जूडो, कुश्ती, जिम्नास्टिक, टेबल टेनिस हॉल, योगा एवं एरोबिक्स, शूटिंग रेंज आदि के लिए इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स भी उपलब्ध है।

### फैक्ट फाइल

- 930.60 लाख रुपए की लागत से तैयार हुआ वेलोड्रम।
- 333.33 मीटर लंबा होगा वेलोड्रम।
- 7 मीटर चौड़ा। 37 मीटर ऊंचाई पर हाईमास्ट लाइट।

### सीएम आज बीकानेर में

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत शनिवार को बीकानेर दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री गहलोत दोपहर 1 बजे बिसाऊ (झुंझुनू) से प्रस्थान कर 2 बजे बीकानेर पहुंचेंगे। एमएम ग्राउंड मे मिशन 2030 के तहत पापड़, भुजिया उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ संवाद करेंगे। शाम 4:15 बजे गंगाशहर सुजानदेसर रोड स्थित श्रीराम झरोखा कैलाश धाम मंदिर मे दर्शन करेंगे। सायं 4:45 बजे यहां से नाल एयरपोर्ट जाएंगे तथा 5.10 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### शिक्षामंत्री ने किया वेलोड्रम का निरीक्षण

**मुख्यमंत्री** के बीकानेर में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने शुक्रवार को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में नवनिर्मित साइक्लिंग वेलोड्रम का निरीक्षण किया और खिलाड़ियों से मुलाकात की। डॉ. कल्ला ने कहा कि खेलों में भी करियर की असीम संभावनाएं हैं। बीकानेर से साइक्लिंग के अन्तरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकले हैं। साइक्लिंग के क्षेत्र में यहां का स्वर्णिम इतिहास रहा है। इस वेलोड्रम के बनने से खिलाड़ियों को प्रैक्टिस के लिए अन्तरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं के मापदंड के अनुरूप ट्रैक उपलब्ध हो सकेगा। विवि कुलपति मनोज दीक्षित ने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से शीघ्र ही इन खिलाड़ियों को साइकिलें उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस अवसर पर अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोनिका जाट, दिनेश ताई, मानव सारडा, कविता सिहाग, मनोज ताई, विश्वविद्यालय कुलसचिव अरूण प्रकाश शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### खिलाड़ियों ने ट्रैक पर चलाई साइकिल

**साइक्लिंग** कोच किशन पुरोहित ने बताया कि नवनिर्मित ट्रैक पर खिलाड़ियों ने अभ्यास किया। इस दौरान 20 से अधिक खिलाड़ियों ने करीब एक घंटे तक ट्रैक पर साइकिल चलाई।




## Dialogue on Entrepreneurial Skill Development

On October 19, 2023, Honourable Vice-Chancellor Prof. Manoj Dixit and Dr. P.S. Vohra engaged in a constructive dialogue with students about developing entrepreneurial skills. This session focused on fostering a culture of entrepreneurship within the university, emphasizing the importance of equipping students with the necessary skills and mindset to succeed in today's dynamic business environment. The discussion also addressed the significance of practical experience and innovative thinking in entrepreneurship. Prof. Dixit encouraged students to take advantage of opportunities such as internships and project-based learning to enhance their understanding of real-world business challenges.



नवभारत न्यूज

19 अक्टूबर 2023, गुरुवार बीकानेर

एमजीएसयू में कुलपति ने छात्रों से किया संवाद, डॉ. वोहरा ने दिया उद्यमिता से सफल होने के टिप्स

युवाओं को स्किल्ड बनाने और रोजगार के लिए स्कूल-कॉलेज के मध्य समन्वय जरूरी : डॉ. पीएस वोहरा

## Law Students' Educational Visit to Central Jail: Insights into Inmate Life and Rehabilitation Programs

On October 20, 2023, students from the School of Law visited the Central Jail as part of an educational initiative to gain insights into the daily lives of inmates and the regulations governing prison life. During this visit, students had the opportunity to learn about the routines of prisoners and the various rehabilitation programs implemented within the jail system. This firsthand experience was instrumental in helping students understand the challenges faced by inmates and the importance of human rights in correctional facilities.






दैनिक भास्कर बीकानेर 22-10-2023

एमजीएसयू स्कूल ऑफ लॉ के विद्यार्थियों ने देखा सेंट्रल जेल

बीकानेर | महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय की ओर से संचालित स्कूल आफ लॉ के विद्यार्थियों द्वारा सेंट्रल जेल का भ्रमण किया गया। विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ. मेघना शर्मा ने बताया कि कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित द्वारा हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों की बस को रवानगी दी गई तथा साथ ही विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने की बात कही गई। प्रो. राजाराम चोयल, निदेशक स्कूल ऑफ लॉ ने विद्यार्थियों को बताया कि यह भ्रमण विधि के विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम आधारित है व व्यक्तिगत तौर पर अति आवश्यक है। इसी के साथ डॉ. प्रभुदान चारण, समन्वयक, स्कूल आफ लॉ ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा जैन ने बताया कि सेंट्रल जेल सुपरिटेंडेंट आर अंतेश्वरन ने स्वयं बहुत सजग रहकर विद्यार्थियों को सर्वेक्षण करवाया। उन्होंने सर्वेक्षण के दौरान कैदियों तथा आमजन के साथ उनके व्यवहार को रेखांकित किया। छात्रों को बताया कि जेल के विभिन्न विभागों का प्रबंधन बीकानेर सेंट्रल जेल के सभी कैदियों के मानवाधिकारों आदि की जानकारी दी। भ्रमण के दौरान स्कूल आफ लॉ के डॉ. कप्तान चंद आदि अतिथि संकाय सदस्य शामिल रहे।

सूचना-आम

## Academic Bank of Credits (ABC)

Maharaja Ganga Singh University has successfully adopted the Academic Bank of Credits (ABC) and DigiLocker systems to facilitate student mobility and enhance academic record management. The university is registered on the ABC platform at abc.gov.in, allowing for the seamless transfer of academic credits. As of the 2023-24 academic year, a total of 461,397

ABC/APAAR IDs have been created, and 98,192 results have been uploaded to DigiLocker, reflecting the university's commitment to modernizing its educational framework. In terms of legacy cases from previous years, the results uploaded to DigiLocker 247 for 2021-22, and 538 for 2022-23. This systematic approach not only supports students in accessing their academic credentials easily but also aligns with national initiatives aimed at improving educational transparency and efficiency. Maharaja Ganga Singh University has achieved the second position in Rajasthan in uploading the ABC data, a significant milestone in its academic and data management efforts.

## Extension activities leading to community development (Adopted Village, Swaroopdesar)

Maharaja Ganga Singh University’s has conducted various activities under its social responsibility initiative in the adopted village of Swaroopdesar in 2023-2024. These activities include discussions on pond desilting, tree plantation drives, and computer training programs aimed at enhancing education and environmental awareness. Notably, the university donated indoor patient beds to the primary health center in September 2023, significantly improving local healthcare facilities. The NSS also organized cleanliness drives, a voter awareness campaign, and adult education programs to empower the community. In February 2024, a cleanliness drive at Amrit Sarovar and a drug awareness rally further demonstrated the university's commitment to promoting health and well-being. Additionally, the university facilitated visits for local school students to inspire them about higher education opportunities. Under the guidance of Vice-Chancellor Prof. Manoj Dixit, Maharaja Ganga Singh University has made significant contributions to the adopted village of Swaroopdesar through its social responsibility initiatives. Dr. Prabhu Daan Charan, the village in-charge (Ex.), presented indoor patient beds to the local health center, a gesture that was well-received by the community, which expressed gratitude to Prof. Dixit and the Registrar for enhancing healthcare facilities. The National Service Scheme (NSS) conducted a Health and Hygiene Campaign to promote sanitation and overall well-being among villagers. Throughout the year, Vice-Chancellor Acharya Manoj Dixit visited Swaroopdesar multiple times to discuss development plans with local leaders, including Sarpanch Udar Ram Meghwal, Village Development Officer Abhishek Upadhyay, and Kishanaram Siyag. During these visits, he addressed community issues and proposed an action plan focusing on health and education improvements. This plan included establishing a library in the village and organizing health awareness camps for women and children to prevent diseases. The villagers requested technical and financial support for these initiatives, reinforcing the university's commitment to community development and proactive engagement in addressing local needs. Current in-charges Dr. Santosh Shekhwat and Dr. Umesh Sharma (NSS) also emphasized the university's dedication to fostering positive change in the community.

| Month-Year | Activity | Description |
|---|---|---|
| **June 2023** | Pond Desilting Discussi | Discussed pond desilting work with village panchayat officials in the ado village Swaroopdesar. Ongoing excavation and beautification work progress. Farmers were made aware of water conservation on June 19, 2 |
| **July 2023** | Tree Plantation Drive | Conducted a tree plantation program at the pond and Government Hi Secondary School, Swaroopdesar. Initiated the establishment of a h center for girls through a local women's organization. |
| **August 2023** | Computer Training Prog | Organized a computer training program at Government Higher Secon School, highlighting the importance of computers in modern educa Conducted a Tiranga Yatra to promote national pride. |
| **September 202** | Donation of Indoor Patie Beds | Donated indoor patient beds to the newly constructed community h center in Swaroopdesar. Promoted cleanliness and a polythene environment among students at the local school. |

| | | |
|---|---|---|
| **October 2023** | Cleanliness Drive | Conducted a cleanliness drive in Swaroopdesar, involving students villagers in labour to maintain cleanliness around public places, includin newly built panchayat premises and school. |
| **November 202** | Voter Awareness Campa | Launched a campaign to raise awareness among villagers about votin the upcoming assembly elections. Encouraged tree planting on voting d part of the "One Voter, One Tree" initiative. |
| **December 202** | Continuation of Cleanlir Drive | Continued the cleanliness campaign initiated in October, focusing maintaining hygiene in public areas and promoting its long-term benefi the community. |
| **January 2024** | Adult Education Prograr | Conducted lectures on education and self-reliance in Swaroopdesar. Vice-Chancellor reviewed ongoing projects and discussed plans developing an e-library based on villagers' requests. |
| **February 2024** | Cleanliness Drive at Am Sarovar | Organized a cleanliness drive at Amrit Sarovar and conducted an aware campaign about voting rights among school students. Provided green bc for classrooms as part of educational support. |
| **March 2024** | Drug Awareness Rally | Organized a drug awareness rally by NSS units, discussing the phys economic, and social impacts of drug addiction with villagers encouraging them to stay drug-free through performances. |
| **April 2024** | University Visit for Scho Students | Arranged a visit for students from Government Higher Secondary Scho MGSU to inspire them about higher education opportunities and famili them with university facilities, including the central library with R technology. |

This table outlines key activities undertaken by the NSS Unit, showcasing their commitment to community service and social responsibility throughout the academic year.









स्कूल के विद्यार्थियों ने किया विश्वविद्यालय का भ्रमण

बीकानेर @ पत्रिका. गांव स्वरूपदेसर में विद्यालय के छात्रों ने महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विवि के उमेश शर्मा ने उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित कर उनके सर्वांगीण विकास के लिए इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय का भी भ्रमण किया, जिसमें उन्होंने पुस्तकालय में लगे आरएफआईडी सिस्टम को समझा एवं उसकी उपयोगिता को जाना। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शोध निदेशक डॉ. अभिषेक वशिष्ठ ने सभी छात्रों को उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए आवश्यक शिक्षा एवं इसमें होने वाले लाभ एवं शोध के विषय में उनका ज्ञानवर्धन किया। विद्यालय के शिक्षक विनोद एवं विपिन ने विश्वविद्यालय के बारे में अपने विचारों को साझा किया।



दैनिक भास्कर बीकानेर 05-12-2023

एमजीएसयू : एनएसएस के स्वयंसेवकों ने लगाए पौधे, गोद लिए गांव में गए, जागरूकता फैलाई

सिटी रिपोर्टर | बीकानेर

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम एवं द्वितीय द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आगाज सोमवार को किया गया। शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित थी। कार्यक्रम की शुरूआत एनएसएस प्रभारी उमेश शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत के साथ किया एवं आगामी सात दिवस में होने वाली एनएसएस की गतिविधियों के बारे में प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि सुशीला राजपुरोहित ने स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव अरुण प्रकाश शर्मा ने स्वयं सेवकों को निष्ठा एवं अनुशासन द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। इसके साथ विश्वविद्यालय के अतिरिक्त कुलसचिव विट्ठल बिस्सा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक सेवा योजना के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एनएसएस के इतिहास एवं उसमें होने वाले गतिविधियों के बारे में स्वयंसेवकों को अवगत करवाया। साथ ही प्रो. राजाराम ने सभी स्वयंसेवकों को श्रमदान एवं विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण एवं गोद लिए हुए गांव में वहां के लोगों को विभिन्न विषयों में जागृत करने हेतु प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही अंत में एनएसएस प्रभारी डॉ. संतोष कंवर शेखावत द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन एनएसएस सेवक निखिल सिंह द्वारा किया गया।



दैनिक भास्कर बीकानेर 06-12-2023

**एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों से संवाद किया**

**बीकानेर** | एमजीएसयू की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिवर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों द्वारा विश्वविद्यालय के घोषित गांव स्वरूपदेसर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एनएसएस स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण सामाजिक एवं पर्यावरण मुद्दों पर जागरूक किया। विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ. मेघना शर्मा ने बताया कि शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को प्रीति पांडे ने कन्या भ्रूण हत्या, सुमति सारस्वत ने धूम्रपान के दुष्प्रभाव, प्रदीप ने पर्यावरण संरक्षण एवं निखिल ने शिक्षा व संस्कार विषय पर अपने विचारों के माध्यम से विद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद किया। इस कार्यक्रम का संचालन मनीष सियाग ने किया स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर एवं पंचायत भवन में साफ सफाई का कार्यक्रम भी किया। इसके साथ ही वहां पर वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच ग्राम स्वरूपदेसर, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी उमेश शर्मा एवं डॉ. संतोष शेखावत एवं डॉ. प्रभुदान चारण व विद्यालय के प्राचार्य विनीता चौधरी आदि उपस्थित थे।



**विश्वविद्यालय द्वारा गोदित गांव स्वरूपदेसर में कुलपति का भ्रमण**

प्रशान्त ज्योति न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विश्वविद्यालय कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने आज विश्वविद्यालय के गोदित गांव स्वरूपदएसर में सरपंच उदाराम मेघवाल, रतनाराम, ग्राम विकास अधिकारी अभिषेक उपाध्याय, किशनाराम सियाग, और अन्य ग्रामीणों के साथ गांव के विकास कार्य की रूपरेखा के बारे में विस्तार से चर्चा की। गोदित ग्राम प्रभारी उमेश शर्मा ने बताया कि कुलपति ने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए गांव में स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक उन्नयन हेतु एक कार्य योजना तैयार करने हेतु विचार किया जिसमें गांव में एक पुस्तकालय एवं ग्रामीणों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं महिला एवं बच्चों में बीमारियों के बचाव हेतु एक विशेष कैंप आयोजित करने के लिए प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया गया एवं गांव की अन्य बुराइयां जिसमें धूम्रपान एवं अन्य समस्याओं को दूर करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा सहयोग प्राप्त प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। ग्रामीणों ने पुस्तकालय विकास हेतु विश्वविद्यालय से तकनीकी और आर्थिक सहयोग की मांग की। इस चर्चा में पूर्व प्रभारी डा प्रभुदान दान चारण ने कुलपति को विश्वविद्यालय द्वारा गांव में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

**Initiation of Tradition to Honor Distinguished Scholars at Maharaja Ganga Singh University**

Maharaja Ganga Singh University has taken up a unique initiative to honour distinguished scholars visiting the campus, as introduced by Honourable Vice-Chancellor Prof. Manoj Dixit. This tradition aims to recognize the contributions of eminent educators and scholars who enrich the academic environment of the university. On this occasion, the university honoured Acharya Ramsevak Dubey, Vice-Chancellor of Jagadguru Ramanandacharya Rajasthan Sanskrit University, Jaipur, and Acharya Kaushal Kishore Mishra, a renowned scholar from Banaras Hindu University, Varanasi. On December 13, 2023, Acharya Abhinav Sharma from Banaras Hindu University was honoured for conducting Ph.D. oral examinations, followed by the recognition of former Acharya Tej Kumar Mathur from Maharshi Dayanand Saraswati University, Ajmer, on December 14, 2023. In alignment with Vice-Chancellor Acharya Manoj Dixit's vision, the university aims to provide students with abundant academic and co-curricular opportunities. As part of this initiative, it has been decided to organize lectures featuring subject experts and distinguished educators who visit for Ph.D. oral or practical examinations. Continuing this tradition, on December 19, 2023, Professor B.C. Vaidya from Jawaharlal Nehru University, Delhi, shared insights on the significance of "Tourism Geography" with students in the Geography Department. During the program, Registrar Mr. Arun Prakash Sharma welcomed and honoured Professor Vaidya, furthering the tradition of recognizing esteemed scholars. This initiative not only enhances the academic atmosphere in the University but also inspires students by allowing them to learn directly from leading experts in their fields.



Maharaja Ganga Singh University, Bikaner
Telephone: 2970064 E_Mail : vc@mgsubikaner.ac.in

क्रमांक : प.01(26)मगंसिविबी/नि.स./2023/476    दिनांक : 19/12/2023

हमारा प्रयास है कि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अधिक से अधिक शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक अवसर प्रदान किये जाए। इसी क्रम में माननीय कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित जी की भावनानुसार विश्वविद्यालय में पीएच.डी. मौखिक अथवा प्रायोगिक परीक्षा लेने हेतु पधारने वाले विषय विशेषज्ञ/महान शिक्षाविद्रों के विचारों से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों अवगत करवाया जाना है।

अतः समस्त विभागाध्यक्ष एवं सह-प्रभारियों से अनुरोध रहेगा कि विभाग में प्रायोगिक परीक्षा अथवा शोध अनुभाग में पीएच.डी. मौखिक परीक्षा लेने हेतु विश्वविद्यालय परिसर में पधारे विषय विशेषज्ञ/महान शिक्षाविद्रों के विचारों से विभाग के विद्यार्थियों को लाभान्वित होंने के दृष्टिगत निदेशक, शोध से समन्वय स्थापित कर व्याख्यान आयोजित करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

आदर सहित।

19/12/2023
(अरूण प्रकाश शर्मा)
कुलसचिव

समस्त विभागाध्यक्ष एवं सह-प्रभारी
महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

